महत्वपूर्ण एवं खास

बच्ची को बिच्छू ने काटा,झांड-फूंक के दौरान मौत

जांजगीर (आरएनएस)। जांजगीर के बाराद्वारा थाना क्षेत्र में बच्ची को बिच्छू ने काटा तो परिजन उसे अस्पताल ले जाने की जगह झाड़-फूं क कराते रहे। बताया जा रहा है कि इसी देरी के चलते बच्ची ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जानकारी के मुताबिक, डूमरपारा गांव के संतोष बंजारे की 3 साल की बेटी संध्या बुधवार शाम घर के बाहर ही अपनी सहेलियों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान उसे बिच्छू ने डंक मार दिया। उसके रोने की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे तो वहां बिच्छू को देख उसे मार दिया। इसके बाद डॉक्टर के पास ले जाने की जगह बच्ची की झाड़-फूंक कराने लगे। बताया जा रहा है कि झाड़-फूंक से इलाज के दौरान ही बच्ची ने उल्टियां करनी शुरू कर दी और थोड़ी ही देर में उसकी मौत हो गई।

बीजेपी विधायक के चाचा की मौत, आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गई जान

महासमुंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में आकाशीय बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई है। और 5 लोगों के झुलसेने की खबर मिली है। मृतकों मे पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के चाचा अशोक चंद्राकर की मौत हो गई है। अशोक चंद्राकर पटेवा स्थित अपने फार्म हॉउस मे मोबाइल पर बात कर रहे थे इसी बीच आकाशीय बिजली के चपेटे में आने से घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। दूसरे मामले में दो मासूम 7,8 वर्षीय बच्चो की भी मौत हो गई। वही 5 लोगो का ईलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। सभी मजदूर है और ईट बनाने का काम करते है। पानी से इटो को बचाने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच आकाशीय बिजली की चपेटे में आ गये। मामला ग्राम अरंड का है।

गाज गिरने एक ही परिवार के 2 मासूम बच्चे की मौत , 3 घायल

महासमुंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के दो मासूम भाई की मौत हो गई । वहीं माता, पिता व बहन घायल हो गई है। ये लोग जिला मुख्यालय से लगे ग्राम अरंड के रहने वाले है। घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना शाम 6 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार अरंड निवासी नरेश यादव अपनी पत्नी प्यारी बाई, बेटा यश कुमार (8), हर्ष कुमार पिता हेमलाल यादव (6) व बहन भामिनी यादव शाम को अपने घर में एक साथ बेटे थे। उसी समय बिजली गिरी और यश कुमार पिता नरेश यादव (8), हर्ष कुमार पिता हेमलाल यादव (6) की मौत हो गई वहीं नरेश, प्यारी बाई व भामिनी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में ले गए।

पैरावट में लगी आग फायर ब्रिगेड ने काबू किया

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के बडांजी थाना अंतर्गत ग्राम चौंड़ी मेटावाड़ निवासी किसान बुधराम कश्यप के घर के सामने रखे पैरावट में अचानक आग लग गई। बुधराम पोयाम ने बताया कि घर के सामने पैरावाट जमा किया था, वहां पर कहीं से चिंगारी आई और देखते ही देखते आग लग गई है। इसके बाद तत्काल ही फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू कर इसके फलने से बच लिया। आग लगने की वजह घर की मासूम बच्ची निशा पोयम उम्र 05 वर्ष से खेलते खेलते पैरा में आग लगा देना बताया गया, जिसके बाद तुरंत चारों तरफ आग लपटे फैल गई थी।

महात्मा गांधी को अपशब्द कहने वाले कालीचरण महाराज मध्यप्रदेश के खजुराहों से गिरफ्तार

» रायपुर पुलिस ने की कार्यवाही, लाया जा रहा छत्तीसगढ़

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में हुए धर्म संसद में महात्मा गांधी के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी को लेकर कालीचरण महाराज मुश्किल में पड़ गए हैं। राजधानी में एफआईआर के बाद इनकी तलाश की जा रही थी। गुरुवार को इन्हें मध्यप्रदेश के खजुराहो से गिरफ्तार कर लिया गया। कालीचरण महाराज खजुराहो में छिपने का पूरा बंदोबस्त कर चुके थे यहां वे किराए का मकान लेकर रह रहे थे। रायपुर पुलिस को इसकी जानकारी हो गई और आज सुबह उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

गौरतलब हो कि रविवार को रायपुर में हुए धर्म संसद के दौरान कालीचरण महाराज ने महात्मा गांधी को लेकर अनर्गल बयानबाजी की थी। इस मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम व नगर निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे ने एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद से ही इनकी तलाश की जा रही थी।

रायपुर पुलिस को इनके खजुराहो में होने की सूचना मिली। इसके बाद एक टीम मध्यप्रदेश के खजुराहो पहुंची और गुरुवार सुबह कालीचरण महाराज को गिरफ्तार कर लिया। अब उन्हें छत्तीसगढ़ लाया जा रहा है।

कालीचरण विवाद 4 दिन पहले तब सामने आया था जब राजधानी में धर्म संसद का समापन समारोह चल रहा था। मंच पर के बाद कालीचरण महाराज ने पहले तो शिव तांडव किया उसके बाद महात्मा गांधी को लेकर भाषण शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने देश का सत्यानाश कर दिया। नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी को मारकर महान काम किया है, ऐसे महान व्यक्ति को मेरा नमन है। यही नहीं रायपुर में एफआईआर होने के बाद भी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर भी महात्मा गांधी को लेकर अपशब्द कहे थे। रायपुर के अलावा कालीचरण महाराज पर महाराष्ट्र पुणे सिटी में भी एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही 4 दिन से चल रहा लुकाछिपी का खेल भी खत्म हो गया।

पुलिस अधीक्षक रायपुर प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि रायपुर पुलिस की तीन अलग अलग टीमें कालीचरण की तलाश में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और दिल्ली भेजी गयीं थी। रायपुर पुलिस की 7 सदस्यीय टीम को खजुराहो में सफलता मिली। कालीचरण महाराज यहां किराए के मकान में रह रहा था। गुरुवार सुबह 4 बजे महाराज को गिरफ्तार किया गया है।

मौसम में बदलाव की वजह से तापमान में आई गिरावट, प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहेगा

रायपुर(आरएनएस)। मौसम में हुए बदलाव की वजह से एक बार फिर से तापमान में गिरावट होने से ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो दिनों में न्यूनतम तापमान भी घटेगा और ठंड बढ़ेगी।मंगलवार रात हुई बारिश के बाद बुधवार सुबह से ही राजधानी रायपुर सहित प्रदेश भर में जोरदार बारिश हुई। 10 वर्ष पहले रायपुर में नौ दिसंबर 2010 को 64.1 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी,उसके बाद 28 दिसंबर 2021 को रिकार्ड 66.6 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि गुरुवार 30 दिसंबर को प्रदेश भर में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के आसार है। साथ ही गुरुवार और शुक्रवार सुबह प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहेगा।

मौसम में हुए बदलाव की वजह से राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई बारिश की वजह से अधिकांश सभी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान में रिकार्ड गिरावट आई है।

दंतेश्वरी एयरपोर्ट में कोरोना को लेकर बरती जा रही है अतिरिक्त सावधानी

» औसतन 200 लोग प्रतिदिन विमान से कर रहे हैं सफर

जगदलपुर (आरएनएस)। रायपुर और हैदराबाद से हवाई सफर कर दंतेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर पहुंच रहे यात्रियों के कोविड को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है, ताकि ओमीक्रॉन वेरिएंट के प्रभावी होने से पहले ही इस पर नियंत्रण पाने के प्रशासनिक प्रयास में सहयोग दिया जा सके। यदि यात्रियों को कोविड टीके की 02 डोज नहीं लगे होने पर उनका रैपिड एंटीजन कोरोना जांच की जा रही है। जिन लोगों को टीके की दोनों डोज लग चुकी है, उन्हें जांच के दायरे से बाहर रखा जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर और हैदराबाद से फ्लाइट के यहां पहुंचने के दौरान निकास व्दार पर स्वास्थ विभाग की टीम परिसर में मौजूद रहती है और यात्रियों के कोविड वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट की जांच की जा रही है। इसके बाद टीका नहीं लगवाए लोगों को जांच के बगैर एयरपोर्ट परिसर से बाहर नही जाने दिया जा रहा है। इन दिनों दंतेश्वरी एयरपोर्ट में यात्रियों की खासी भीड़ जुट रही है, औसतन 200 लोग प्रतिदिन विमान से रायपुर और हैदराबाद तक का सफर तय कर रहे हैं। रायपुर के अलावे हैदराबाद से आने वाले मुसाफिरों की जांच संजीदगी से की जा रही है। इसके अलावा लगेज भी कन्वेयर बेल्ट में डाले जाने से पहले अच्छी तरह से सैनिटाइज किए जा रहे हैं।

नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का हुआ फंडा फोड़

» अबतक 40 लाख से भी ज्यादा कीमत के नकली शराब बेच चुके है आरोपी

बलौदाबाजार (आरएनएस)। जिले में नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का फंडा फोड़ किया गया है। हम आपको बता दे जिले के नए एसएसपी दीपक कुमार झा को कुछ समय से क्षेत्र मे नकली शराब बनाकर बेचने की शिकायत मील रही थी, जिसे गंभीरता से लेते हुवे लवन, कसडोल और पलारी पुलिस की सयुक्त टीम बनाकर छापेमारी कार्यवाही के निर्देश दिऐ गऐ। जिसमें लवन चौकी अन्तर्गत कुम्हारी गांव में भारी मात्रा में नकली शराब और नकली शराब बनाने का समान बरामत किया गया है।

दरअसल लवन पुलिस चौकी क्षेत्र मे लगातार नकली शराब बनाकर बेचे जाने कि शिकायत लंबे समय से की जा रही थी लेकिन इस पर एक्शन लेने से पुलिस क्यो पीछे हट रही थी यह सवाल सबको हैरान कर रहा है। लेकिन नऐ एसएसपी दीपक कुमार झा ने गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए और आज भरत सिंह नाम के एक आरोपी को भारी मात्रा नकली शराब के साथ उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से 200 लीटर नकली शराब की साल्वेंट, छत्तीसगढ़ के शराब बोतलो मे लगने वाले होलोग्राम, शराब की ढक्कन और खाली शीशी बरामत कि गई है। पुलिस अनुसार इस काम मे आरोपी का एक अन्य साथी भी संलिप्त है जिसकी तलाश की जा रही है।

बलौदाबाजार जिले में नए एसएसपी के आते ही अवैध कारोबारीयो पर पुलिस का शिकंजा कसते जा रहा है। लेकिन बड़ी बात तो यह है कि पिछले 2 सालो में आरोपीयो 40 लाख से भी ज्यादा कीमत की नकली शारब बनाकर बेच दी लेकिन लवन चौकी पुलिस को इसकी भनक तक नही थी, जो अपने आप मे काई सवाल खड़े करता है।

सूत्रों की माने तो इस प्रकार के गोरख धंधे लवन पुलिस के संरक्षण के संरक्षण में चल रहे है। क्योकि लवन पुलिस चौकी प्रभारी बीके सोम और एसआई संजीव राजपुत पर अवैध कराबोरियो को सरक्षंण देने और उनसे पैसा लेने की शिकायत लगातार आती रही है। और कुछ दिनों पहले ही इनकी शिकायत बलौदाबाजार एसएसपी दीपक कुमार झा से की गई थी, जिसके बाद यह बड़ी कार्यवाही हुई है।

माओवादी का भय दिखाकर पैसा वसूली करने वाले फर्जी नक्सली हुए गिरफ्तार

बलरामपुर (आरएनएस)। जिले के कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत माओवादियों का भय दिखाकर लेवी वसूली करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने में कुसमी पुलिस ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

थाना कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत हरी बकसपुर, नावाडीह, भुलसी, चैनपुर, कोटली, क्षेत्र में पंचायत एवं मनरेगा के तहत चल रहे सीसी रोड सड़क निर्माण एवं अन्य कार्य करा रहे सरपंच सचिव ठेकेदारों को अज्ञात हथियारबंद नकाबपोश व्यक्तियों के द्वारा रात में आकर नक्सली होने की धमकी देकर लेवी मांगने का दबाव बनाया गया था, जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन प्रशांत कतलम ने उक्त मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर तत्काल पुलिस स्पेशल टीम गठित कर अपराध के निराकरण एवं वारदात में शामिल आरोपियों के धरपकड़ हेतु निर्देशित किया।

गौरतलब हो कि प्रकरण के प्राची से पूछताछ कर अपराध की विवेचना किया यह अपराधी के द्वारा 27- 11 -2021 को रात करीबन 12 बजे के बीचकुछ नकाबपोश हथियारबंद मेरे घर में जबरदस्ती घुस कर मुझे डराते धमकाते हुए कहने लगे कि हम लोग नक्सली संगठन से जुड़े हैं और हमें पता चला है कि तुम्हारे गांव में बहुत निर्माण कार्य हुआ है इसकी आवाज में हमारे नक्सली संगठन पार्टी एवं हमको ?5लाख दो नहीं तो तुम लोगों का घर व गाड़ी को जला देंगे जान से मार देंगे प्रार्थी अपनी जान के डर से उन लोगों से पैसा देने के लिए 15 दिन का समय मांगा 15 मिनट तक फर्जी माओवादी आसपास के सरपंच सचिव ठेकेदार की जानकारी भी लेना चाह रहे थे इसके बाद प्रार्थी को 16-12- 2021 को रफी के मोबाइल नंबर पर उक्त आरोपियों के द्वारा अपने मोबाइल नंबर से कॉल कर धमकी देते हुए बोला कि पैसे का व्यवस्था हुआ कि नहीं तो प्रार्थी ने जवाब दिया अभी पैसे की व्यवस्था नहीं हुई है तब आपने के द्वारा उसे कहा गया कि 23- 12 -2021 दिन गुरुवार को ?5लाख की व्यवस्था कर लेना अन्यथा तुम्हें मार कर तुम्हारी लाश को गांव में ही फेंक देंगे।

इस घटना के बाद प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना कुसमी में धारा 147, 148 ,149 ,452, 384, 506 ,व 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया घटना से पुलिस स्पेशल टीम द्वारा उक्त अज्ञात हथियारबंद नकाबपोश आरोपियों को पकड़ने के लिए विगत तीन-चार दिन से लगातार पुलिस दल क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया इसके बाद संदेह के आधार पर राजेश सोनवानी पिता पियरसाय, नावाडीह थाना कुसमी, चंदर राम, पिता कवल साय सोनवानी,ग्राम हरी , थाना कुसमी, अमर कुमार कुशवाहा पिता चतुर महतो रामानुजगंज वार्ड क्रमांक 3 थाना रामानुजगंज बलरामपुर को हिरासत में जिया गया है।

भतीजे ने सगे चाचा और भाई की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी

» जमीम विवाद बना कारण

सूरजपुर। सूरजपुर जिले के कुंज नगर गांव में एक भतीजे में अपने ही सगे चाचा और सगे चचेरे भाई को कुल्हाड़ी से मारकर उनकी हत्या कर दी है। बताया जा रहा है दोनों के बीच कई दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। मामला जय नगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक जमीन विवाद में भतीजे ने अपने सगे चाचा और सगे चचेरे भाई को कुल्हाड़ी से मारकर उनकी हत्या कर दी।

वही दोनो के बीच लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा था। विवाद इतना बड़ गया था कि लड़ाई में बदल गया। आरोपी हत्या के बाद मौके से हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। फरार आरोपी की खोज में जुट गई है। मामला जय नगर थाना क्षेत्र के कुंज नगर गांव का है।

छत्तीसगढ-उडीसा सीमा पर ट्रक से गांजा तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार, 215 किलोग्राम गांजा, ट्रक,मोबाइल जब्त

जगदलपुर (आरएनएस)। नगरनार पुलिस ने मुखबिर के सूचना पर एक ट्रक को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो उसके अंदर से गाँजा मिला, जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया, मामले के बारे में नगरनार थाना प्रभारी बीआर नाग ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दिया कि ओडिसा की ओर से एक ट्रक में गाँजा लाया जा रहा है, जिसके बाद पुलिस ने धनपुंजी नाका में चेक पोस्ट लगते हुए जांच शुरू कर दिया, नगरनार की टीम द्वारा छत्तीसगढ-उडीसा के सीमाक्षेत्र धनपुंजी में मोबाईल चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था दौरान चेकिंग के

एक संदिग्ध ट्रक को रोककर चेक किया गया, जिसमें 2 व्यक्ति मिले जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम मुनेश कुमार निवासी मथुरा एवं रोताश कुमार निवासी हरियाणा का होना बताया। जिनके ट्रक क्रमांक युपी 15 ईटी - 2375 की तलाशी लेने पर वाहन में 215 किलोग्राम गांजा मिला जिसके संबंध में पूछताछ करने पर कुछ भी नही बताया, आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया, वही आरोपी मुनेश कुमार एवं रोताश कुमार के विरूद्ध थाना नगरनार में 20(बी)एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से 215 किलोग्राम गांजा, ट्रक क्रमांक युपी-15-ईटी-2375, 02 नग मोबाईल एवं वाहन के कागजात जप्त किया गया है। जप्त गांजा की अनुमानित कीमती 10 लाख 75 हजार रूपये आंकी गई है। मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतत्काल छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नंबर 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक उत्थान अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं व्यवहारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन व्यक्तियों की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनीकि शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए जनजागरण का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

छत्तीसगढ़ के सीएम ने की जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान को अगले पाँच वर्षों के लिए जारी रखने की मांग

» बघेल ने कहा नक्सल उन्मूलन में तैनात केन्द्रीय सुरक्षा बलों पर किये 15 हजार करोड़ के व्यय की प्रतिपूर्ति हो

» कोल उत्खनन पर छत्तीसगढ़ के हिस्से की 4,140 करोड़ की राशि शीघ्र देने का किया आग्रह

रायपुर (आरएनएस)। केंद्रीय वित्तमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बजट पूर्व बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आम बजट को लेकर राज्य की उम्मीदें और प्रस्ताव रखे। विज्ञान भवन में आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री बघेल ने जीएसटी क्षतिपूर्ति की भरपाई, कोल उत्खनन पर केंद्र के पास जमा राशि 4,140 करोड़ छत्तीसगढ़ को शीघ्र देने एवं नक्सल उन्मूलन के लिए तैनात केन्द्रीय सुरक्षा बलों पर किये 15 हजार करोड़ के व्यय की प्रतिपूर्ति की मांग की। बैठक में केंद्रीय वित्तमंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण के साथ ही अन्य राज्यों के वित्तमंत्री भी उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि कोविड 19 के कारण आर्थिक गतिविधियों के बाधित होने से राज्यों के अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। केंद्र से मिलने वाली राशि प्राप्त होने पर राज्य सरकार विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं में व्यय कर सकेगी।

उन्होने कहा कि जीएसटी कर प्रणाली से राज्यों को राजस्व की हानि हुई है, आगामी वर्ष में राज्य को लगभग 5000 करोड़ के राजस्व की हानि की भरपाई की व्यवस्था केंद्र द्वारा नहीं की गयी है, इसलिए जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान को जून 2022 के पश्चात भी आगामी 05 वर्षों के लिए जारी रखा जाये।

इसके साथ ही उन्होने कहा कि विगत 3 वर्षों के केन्द्रीय बजट में छत्तीसगढ़ को केन्द्रीय करों में हिस्से की राशि 13,089 करोड़ कम प्राप्त हुए हैं। आगामी बजट में केन्द्रीय करों के हिस्से की राशि पूर्णतः राज्य को दी जाये।

बघेल ने कोल ब्लॉक कंपनियों से कोल उत्खनन पर 294 रुपये प्रति टन के मान से केंद्र के पास जमा राशि 4,140 करोड़ छत्तीसगढ़ को शीघ्र देने की मांग की। इसके साथ ही उन्होने कहा कि नक्सल उन्मूलन के लिए राज्य में तैनात केन्द्रीय सुरक्षा बलों पर राज्य शासन का व्यय 15 हजार करोड़ हो चुका है।

इसकी प्रतिपूर्ति के लिए अगले बजट में विशिष्ट प्रावधान किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र द्वारा पेट्रोल एवं डीजल पर केन्द्रीय उत्पाद कर कटौती से राज्य के हिस्से की राशि में कमी एवं वैट से मिलने वाले राजस्व में भी कमी होगी इसलिए भविष्य में उत्पाद कर के स्थान पर उपकरों में कमी की जाए। बघेल ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) में बेहतर क्रियान्वयन करने वाले राज्यों के लिए प्रति परिवार 1100 रुपये प्रीमियम की सीमा बढ़ाने की मांग की। उन्होने कहा इससे हितग्राहियों की संख्या बढ़ेगी और अधिकांश जनसंख्या को इसका लाभ मिलेगा।